अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

WSO क्या है? WSO शराबियों के वयस्क बच्चों का विश्व सेवा संगठन है। यह कार्यक्रम की केंद्रीय एजेंसी के रूप में कार्य करता है। बैठक की जानकारी एकत्र करना और उसका प्रसार करना; साहित्य लिखना और परिवार समूहों में उपयोग के लिए वितरित करना और आम जनता को जानकारी प्रदान करना।

एसीए (एसीओए) ACA/ACOAक्या है? शराबियों के वयस्क बच्चे उन वयस्कों के लिए एक पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम है जिन का जीवन एक शराबी या अन्य निष्क्रियात्मक (dysfunctional) परिवार में पले-बढ़े होने के परिणामस्वरूप प्रभावित हुआ है। यह आधारित है अल्कोहलिक्स एनोनिमस की सफलता पर और बारह कदमों और बारह परंपराओं के अपने संस्करण को नियोजित /लागू करता है।

क्या मेरे माता-पिता को शराबी होने की ज़रूरत है? नहीं! यदि आप "समस्या" से पहचान कर सकते हैं या आप में इनमें से कई "Laundry List" की लक्षण हैं तो एसीए से आपको लाभ होगा।

कितने का है? एसीए स्वयं सहायता, स्वावलंबी कार्यक्रम है और हमारी सातवीं परंपरा के अनुसार हम अपने तरीके से पूंजी इक्ट्ठी करते हैं। यदि आप आर्थिक रूप से समर्थ हैं तो हम प्रत्येक बैठक में एक छोटा सा योगदान मांगते हैं।

एक उच्च शक्ति क्या है? एसीए एक आध्यात्मिक कार्यक्रम है, जो किसी विशेष धर्म या विश्वासों के समूह पर आधारित नहीं है, लेकिन खुद से बड़ी शक्ति की समझ है जो हमें ठीक होने के रास्ते पर मदद कर सकती है। यह उच्च शक्ति समूह के व्यक्तियों की तरह विविध है ।

यह बैठक कहाँ होती है? सभी ज्ञात एसीए बैठकों की सूची के लिए कृपया बैठक पृष्ठ (Meeting Page) पर जाएं। फिर आप स्थानीय फोन नंबर पर कॉल करके अपनी पसंद की बैठक की पुष्टि सत्यापित कर सकते हैं। जैसे ही कुछ व्यक्ति ठीक होकर आगे बढ जाते हैं; वैसे ही बैठकें शुरू होती हैं और बन्द हो जाती हैं क्योंकि आवश्यकता होती है या गिरावट आती है। WSO बैठकों कि जानकारी वर्तमान/ठीक रखने की कोशिश करता है लेकिन गारंटी नहीं दे सकती कि सूचीबद्ध प्रत्येक बैठक सक्रिय है। यदि आपके स्थानीय क्षेत्र में कोई एसीए बैठक सूचीबद्ध नहीं है तो आप अगले भाग में विकल्प ढूंढ़ सकतें हैं।

अगर मेरे क्षेत्र में कोई मीटिंग नहीं है तो मुझे मीटिंग कैसे मिलेगी? दुर्भाग्य से, दुनिया में कई क्षेत्र हैं जहां एसीए की बैठक नहीं हैं। यदि आपको अपने क्षेत्र के लिए सूचीबद्ध बैठक नहीं मिल रही है, तो टेलीफोन या इंटरनेट मीटिंग ढूंढे| एक अन्य विकल्प यह होगा कि आप अपने क्षेत्र में एक नई बैठक शुरू करें।" (अगला भाग देखें।)

मैं मीटिंग कैसे शुरू करूं? यदि आपने 'मीटिंग्स पेज' (Meetings Page) चेक किया है और मीटिंग का पता लगाने में असमर्थ हैं तो आप अपने शहर में एसीए बैठक शुरू करना चाह सकते हैं। नए मीटिंग पैकेट से जानकारी एक नई मीटिंग शुरू करने के लिए पर्याप्त है और यह एसीए लिटरेचर पेज से डाउनलोड के लिए भी उपलब्ध है। यह मीटिंग पैक आपको एसीए बैठक की स्थापना और संचालन के लिए सभी बुनियादी साहित्य प्रदान करेगा। एसीए फैलोशिप टेक्स्ट में एक नई बैठक शुरू करने की जानकारी भी शामिल है |

एसीए अन्य वेबसाइटों (websites)से लिंक क्यों नहीं करता है? हम अपने छठी परंपरा के कारण अन्य वेबसाइटों के लिंक प्रदान नहीं करते हैं, जिसमें कहा गया है कि हम किसी बाहरी व्यवसाय का समर्थन नहीं करते हैं। चूँकि इस पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है जहां अन्य साइटें आगे बढ़ सकती हैं और वे क्या समर्थन कर सकते हैं, हम इस परंपरा का उल्लंघन नहीं कर सकते। हम अन्य webs को हमारी साइट से लिंक करने की/जुडने की अनुमति देते हैं। कृपया केवल www.adultchildren.org से लिंक करें।

Adult Children of Alcoholics®/Dysfunctional Families
www.adultchildren.org | info@acawso.org | +1(310) 534-1815
© 2015 एसीए डब्ल्यूएसओ, इंक। सर्वाधिकार सुरक्षित